राजस्थान सरकार

हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur

11 दिसंबर 2021: शनिवार: वर्ष – 02: अंक – 32

आज की कहानी

भूल गई गुँजो

“यह कहानी गुँजो और उसके स्कूल-प्रेम की है। एक सुबह परिवार के सदस्य उसे काम में मदद करने के लिए कहते हैं, लेकिन गुंजो ने काम करने से इनकार कर दिया। वह कहती कि उसे स्कूल जाना है। लेकिन जैसे ही वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली, उसके दोस्त हँसे पड़े। आगे क्या हुआ? जानने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें और कहानी सुनें। “

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड



आज की कहानी

कौन सा पैर पहले उठाएं

"जनाब कनखजूरे ने सुबह की सैर पर जाने के लिये २१ जोड़े जूते पहने। लेकिन वह समझ नहीं पाते कि इतने सारे पैरों में से पहले कौन सा पैर उठाएं? इस कहानी में जनाब कनखजूरे और बगीचे के उनके दोस्तों के साथ गिनती और असमंजस का गड़बड़झाला सुनिए! इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें और कहानी सुनें। ”

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर

आज की किताब

बच्चे की बगिया

“उस छोटे से बच्चे की दुनिया पूरी तरह तबाह हो गयी थी। सब तरफ मलबा और पत्थर बिखरे पड़े थे। कंटीले तारों की बाड़ और सैनिकों की वजह से वो उस ठंडी पहाड़ी पर नहीं जा सकता था, जहां कभी वो अपने पिताजी के साथ जाता था। क्या पौधे का छोटा सा अंकुर इस स्याह माहौल में उम्मीद की एक किरण जगा सकेगा? इस कहानी को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़



आज की गतिविधि

एक किसान की कहानी

“एक किसान की इस अद्भुत कहानी को एक डोरी की सहायता से बताया जा सकता है। किसान पहले खेत जोतता है, फिर बीज बोता है, फिर पानी और खाद देता है। लेकिन जब फसल तैयार हो जाती है तो एक मोटा चूहा आता है और फसल को खा जाता है! इस गतिविधि के वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।“

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़



टीचर्स कॉर्नर

पढ़ने का सफ़र बनाम सक्रिय

“साक्षरता और पाठक प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न विचार और सैद्धान्तिक व्याख्याएँ दी जाती रही हैं। किसी लिखित सामग्री को पढ़ते हुए अर्थ निर्माण की प्रक्रिया को पाठ और पाठक दोनों के नज़रिए से देखा गया है। इस आलेख को पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें। “

शिक्षकों के लिए | पाठशाला पत्रिका

#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

कुतुबमीनार का पेड़



कहानी पढ़ने के लिए बॉक्स पर क्लिक करें। (6+ वर्ष के बच्चों के लिए | PFEL)

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।